Publication: Vasant kesari	**Page no:** 02
Edition: Print	**Date:** 17.09.22

हकदर्शक एम्पावरमेंट सोल्यूशंस के अनिकेत दोगर ने प्रतिष्ठित 13वां सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (एसईओवाई) अवार्ड- इंडिया 2022 जीता

नोएडा। श्वाब फाउंडेशन पर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप, वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम की सिस्टर संस्था और जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन ने आज हकदर्शक एम्पावरमेंट सोल्यूशंस के अनिकेत दोगर को प्रतिष्ठित सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड - इंडिया 2022 प्रदान किया। इस पुरस्कार को केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा मामलों और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एक भव्य समारोह में विजेता को प्रदान किया। इस अवसर पर कई नामचीन हस्तियां उपस्थित थीं। केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा मामलों और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह

ठाकुर ने विजेता और फाइनलिस्ट को बधाई दी। उन्होंने सामाजिक उद्यमियों के काम की सराहना करते हुए कहा, हअनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में भौगोलिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सामाजिक उद्यमियों का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण हो गया है। यह जानना बहुत जरूरी है कि पर्यावरण, सस्टेनेबिलिटी और गवर्नेंस में निवेश ना सिर्फ हमारे 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के साझा लक्ष्य को पूरा करने बल्कि 2030 तक स्थायी विकास लक्ष्यों को और 2070 तक शुद्ध जीरो उत्सर्जन को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। सामाजिक उद्यमी अपने नए-नए विचारों को अमल में ला सकते हैं, एक टीम बना सकते हैं, लाभार्थियों और हितधारकों को एक साथ एकत्रित कर सकते हैं, जरूरी फंड जुटा सकते हैं। इसके साथ ही वे सामाजिक संस्थाओं से पूरे जोश और जुनून के साथ महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के हल के लिए प्रयास करने को प्रेरित कर सकते हैं। चाहे वह गरीबी कम करने की कोशिश करना हो, बच्चों की पढ़ाई हो, महिलाओं सशक्तिकरण हो, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव में कटौती करना या फिर स्वास्थ्य रक्षा के क्षेत्र में प्रयास करना हो। एसईओवाई इंडिया अवार्ड 2022 के विजेता हकदर्शक एम्पावरमेंट सोल्यूशंस के अनिकेत दोगर अपने तकनीक से सक्षम हस्तक्षेप की मदद से अंतिम सिरे पर रहने वाले लोगों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बीच मौजूद जानकारी एवं सुलभता के अंतर को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।